SAMPARK- A Social Initiative by Kumaun University, Nainital

.मीडिया कौशल एवं मीडिया कानून
(Media Skill and Media Law)

विश्वविद्यालयी शिक्षा को उन्नत बनाने हेतु तथा भविष्य में सामाजिक–आर्थिक परिवर्तन को ध्यान में रखकर रोजगारपरक शिक्षा आवश्यक है। वर्तमान समय में कोरोना महामारी 'कोविड–19' ने समूचे विश्व को प्रभावित किया है। इस वैश्विक महामारी के कारण आर्थिक निम्नता, रोजगार की कमी आदि की समस्याएं ऊभर कर आयेंगी। इसको दृष्टिगत रखते हुए 'मीडिया कौशल और मीडिया कानून' सार्टिफिकेट कोर्स युवाओं के लिए एक रोजगार का जरिया हो सकता है। रोजगारपरक पाठ्यक्रम 'मीडिया का कोर्स', नगरीय क्षेत्र के साथ–साथ पर्वतीय क्षेत्र के होनहार छात्र–छात्राओं के लिए रोजगार का माध्यम बन सकता है।

आज के युग में मीडिया के क्षेत्र में भविष्य बनाना समय की मांग भी है। अब हम आई0 टी0 युग की बात करने लगे हैं और गांवों को संचार से जोड़ने का स्वप्न पाल चुके हैं। आई0टी0 युग से आशा जताई जा रही है कि जर्नलिज्म के क्षेत्र में भी विस्तार देखने को मिलेगा। इंटरनेट, वेब जर्नलिज्म, सोशल मीडिया, टी0वी0, रेडियो, एफ0एम0 हेतु योग्य युवाओं की मांग बढ़ेगी। जिस तरह से समाज में सूचना प्राप्ति के लिए यत्न किये जा रहे हैं, ऐसे में सही सूचनादाताओं, जनसंपर्क अधिकारियों, पत्रकारों आदि की कमी महसूस की जा रही है। अब वेब जर्नलिज्म का जमाना आ गया है। अब पत्रकारिता के क्षेत्र भी विस्तार ले चुके हैं। पत्रकारिता के स्वरूप भी बदल गए हैं। ऐसे में मीडियाकर्मियों की मांग भी इस क्षेत्र में बढेगी। वर्तमान समय में जिस तरह से तकनीकों का विकास हो रहा है, सामाजिक–राजनैतिक व आर्थिक परिस्थितियां बदल रही हैं, पूंजी निवेश क्षेत्र में गतिशीलता आ रही है। ऐसे में विचारवान, जिज्ञासु, संवेदनशील, ऊर्जावान, शिक्षित, जागरुक और कर्मशील युवा पत्रकारों व अधिकारियों की भारत ही नहीं, अपितु विश्वभर की मांग है।

विश्व समाज गहरे संकट से जूझ रहा है, वह है–विचारहीनता का संकट, जिसे हम जनतांत्रिक समाज कहते हैं, वहां पूंजी का शिकंजा कसा हुआ है। इस वातावरण में जनसंचार के सभी साधनों का उपयोग सामाजिक सुरक्षा के लिए आवश्यक होगा। विश्व में मीडिया के क्षेत्र के लिए उच्च शिक्षित, प्रशिक्षित, योग्य युवकों व शिक्षकों की मांग बढ़ी है और बढ़ती जा रही है। ऐसे में पत्रकारिता (मीडिया) कोर्स उपयोगी सिद्ध होगा। इसके साथ ही अनुवादक, फोटोचित्रकार, फोटो पत्रकारिता, प्रूफ रीडर, जनसंपर्क अधिकारी, लोकसूचना अधिकारी, बैंक, प्रबंधन आदि सरकारी एवं गैर सरकारी क्षेत्रों में इसकी काफी मांग है। मीडिया कोर्स को करने के उपरांत मीडिया रिपोर्टर, जनसंपर्क अधिकारी, समाचार वाचक, पटकथा लेखक, फीचर लेखक, विशेष संवाददाता, व्यक्तिगत जनसंपर्क अधिकारी, टी0वी0 पत्रकार, अंशकालिक संवाददाता आदि बनकर अपना तथा अपने परिवार का भरण–पोषण कर सकते हैं। इस महामारी के दौर में रोजगार की संभावनाएं तलाशने के लिए मीडिया क्षेत्र होनहार युवाओं के लिए किफायती साबित हो सकता है। ऐसे में **कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल** के आदेश के अनुसार मैं *'मीडिया कौशल और मीडिया कानून'* **सार्टिफिकेट कोर्स** का संचालन कर रहा हूं। इस कोर्स में मीडिया की तकनीय, मीडिया में कानून, मीडिया

के स्वरूप आदि के संदर्भ में प्रतिभागियों को यू–ट्यूब चैनल के माध्यम से कोर्स का संचालन कर रहा हूं। जो प्रतिभागी इस कोर्स में शामिल हो रहे हैं, उन्हें चैनल का लिंक मुहैया करवाया जा रहा है। इस कोर्स के के उपरांत प्रतिभागियों ई0 सार्टिफिकेट मुहैया करवाया जाएगा।

नोटः

1. यदि कोई जिज्ञासु युवा, जो *मीडिया क्षेत्र में अपना भविष्य निर्माण करना चाहते है,* वह **joshilalit.joshi@gmail.com** और व्हाट्स ऐप नम्बर–8941913131 पर संपर्क कर सकते हैं। यदि इस संबंध में आप पूछताछ करना चाहते हैं तो ई0 मेल द्वारा संपर्क कर सकते हैं।
2. यदि आपके पास डेस्कटॉप या लैपटॉप नहीं है तो आप मोबाइल का प्रयोग करके भी इस कोर्स में शामिल हो सकते हैं। आपके क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क की समस्याओं को भी ध्यान में रखते हुए यू0–ट्यूब के माध्यम से आप इस कोर्स का हिस्सा बन सकते हैं।

सार्टिफिकेट कोर्स–

‘मीडिया कौशल एवं मीडिया कानून’
(Media Skill and Media Law)

कोर्स की अवधिः अधिकतम 10 दिन
पंजीकरणः निःशुल्क

कोर्स के उद्देश्यः

- *मीडिया का परिचय, अवधारणा, उद्भव एवं विकास।*
- *मीडिया का स्वरूप एवं प्रभाव।*
- *मीडिया क्षेत्र में भविष्य निर्माण और मीडिया कौशल।*
- *मीडिया में कानूनों की आवश्यकता।*
- *मीडिया के विविध कार्यों की जानकारी।*

लर्निंग आउटकम– यह कोर्स मीडिया के क्षेत्र को जानने–समझने, इस क्षेत्र में कार्य करने, मीडिया के आवश्यक आचार नियमों को बेहतर ढंग से समझ सकेंगे तथा मीडिया के क्षेत्र मे भविष्य निर्माण करने के लिए युवाओं को प्रेरित करने के साथ–साथ उनमें आत्मविश्वास बढाएगा। सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया, इले0 मीडिया आदि क्षेत्रों में आवश्यक कानूनों की जानकारी भी देगा।

कोर्स के लिए आवश्यकः

1. छात्रों की निरंतरता व फीडबैक।
2. इंटरनेट की उपलब्धता के साथ मोबाइल।

धन्यवाद।

(डॉ0 ललित चंद्र जोशी)
पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग,
एस0 एस0 जे0 परिसर अल्मोड़ा।
E-mail-joshilalit.joshi@gmail.com
Contact No.-*8941913131*